# NATIONAL SERVICE SCHEME
# SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE, GONDA
## 2021-22



**Prof. Ravindra Kumar**
Principal/Patron



**Dr. Shiv Sharan Shukla**
Senior Program Officer



**Dr. Rekha Sharma**
Program Officer



**Dr. Lohans Kumar Kalyani**
Program Officer



**Dr. Avdhesh Kumar Verma**
Program Officer

**राष्ट्रीय सेवा योजना**
**श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा**
**सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट**
**उद्घाटन दिनांक 24 मार्च, 2022 दिन गुरूवार**

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, गोण्डा राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 24 मार्च, 2022 दिन गुरूवार से दिनांक 30 मार्च, 2022 तक गोण्डा मुख्यालय के उत्तरी पश्चिमी छोर पर स्थित अवध पब्लिक स्कूल, गोण्डा में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई ने इस शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

शास्त्री महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के विशेष शिविर के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय परिवार के अधिकांश शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सुश्री वर्षा सिंह, उपाध्याक्ष, प्रबन्ध–समिति, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा ने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लापरवाही ही गन्दगी का प्रमुख कारण है इसके लिए हम और आप स्वयं जिम्मेदार हैं यदि हम लोग किसी अन्य पर दोषारोपण करते है तो वह अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास हैं। सुश्री वर्षा सिंह, ने यह भी बताया कि उनके इस जिले में आने तक गोण्डा जनपद विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में काफी पीछे था परन्तु आज कई योजनाओं में हमारी रैंकिंग टॉप–5 व टॉप–10 में पहुँच गयी है। उन्होंने शिविरार्थियों से अपील की कि सोशल मीडिया को छोड़कर अपने अंदर सेवा का भाव जागृत कर लक्ष्य के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कठिन परिश्रम में जुट जाये। उन्होंने यह भी कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का शॉर्टकट नहीं होता है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० रवीन्द्र कुमार पाण्डेय जी ने महात्मा गाँधी जी के स्वच्छता संदेश पर प्रकश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि हमें गाँधी जी के स्वच्छता संदेश पर अमल करना चाहिए तथा शिविरार्थियों को विशेष रूप से स्वयं यह संदेश ग्रामीण महिला पुरूषों एवं छात्र/छात्राओं तक पहुँचाना चाहिए। उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि तथा शास्त्री महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्री उमेश शाह जी ने सम्बोधित करते हुए समस्त प्रतिभागियों को राष्ट्र के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र ही देश के भावी कर्णधार है और वे यहाँ से दूर–दूर तक जा कर अपनी संस्था का नाम रोशन करें, उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में सहभागिता का विशेष महत्व है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ० जितेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा ही हम सब का राष्ट्र धर्म है। जाति पाति से ऊपर उठकर समाज सेवा करते हुए युवाओं को अपने राष्ट्र को समृद्ध बनाने हेतु आगे आना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चयनित गाँव में जाकर आप लोग बड़े ही विनम्रतापूर्वक ग्रामीण महिला पुरूषों एवं बालक बालिकाओं को स्वच्छता का संदेश दें, क्योंकि स्वच्छता ही हमें स्वस्थ रखने में सहायक है।

उद्घाटन सत्र के इस अवसर पर आये हुए अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ० शिवशरण शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रेखा शर्मा एवं डॉ० अवधेश कुमार वर्मा ने किया।




कार्यक्रमाधिकारी डॉ० लोहंस कल्याणी ने इस वर्ष के सात दिवसीय शिविर का मुख्य लक्ष्य स्वच्छता ही सेवा बताया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ० शिवशरण शुक्ल, डॉ रेखा शर्मा, डॉ० लोहंस कुमार कल्याणी एवं डॉ० अवधेश वर्मा ने अतिथियों को माल्यार्पण तथा अन्त में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ० शिवशरण शुक्ल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ० शैलेन्द्र नाथ मिश्र, डॉ० रंजन शर्मा, डॉ० वन्दना सारस्वत, डॉ० अमन चन्द्रा, डॉ० मंशाराम वर्मा, डॉ० वी०पी०सिंह, डॉ० राव, डॉ० शरद चन्द्र मिश्र, डॉ० दिलीप शुक्ला, डॉ० अजीत कुमार मिश्र, डॉ० रामिन्त पटेल, डॉ० मनोज मिश्र, डॉ० आर०बी०एस०बघेल, डॉ० अभय श्रीवास्तव, डॉ० जे०बी०पाल, डॉ० राजीव अग्रवाल, डॉ० संजय शुक्ला, श्री अर्जुन चौबे, ग्राम प्रधान श्री शिव बहादुर पाण्डेय, शिवम मिश्र, अंकित कुमार, वेदाश, मनीश शर्मा, सोनी चर्तुवेदी, मुनीस सिद्दीकी, उदय नरायन, शिवम मिश्र आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रमुख वक्ताओं के उद्बोधन एवं सम्बोधन के पश्चात सभी को चाय नाश्ता कराने के उपरान्त भोजन कराया गया, राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों ने अनेकों वक्ताओं एवं अपने गुरूजनों का सानिध्य एवं मार्गदर्शन पाकर शिविर की सार्थकता की अनुभूमि से आह्लादित महसूस किया।

## द्वितीय दिन 25 मार्च, 2022 दिन शुक्रवार

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवक प्रातः जागरण कर दैनिक क्रिया के उपरांत योगा प्राणायाम कर परिसर की सफाई की और नाश्ते के उपरांत रैली निकाली जिसमें स्वयं सेवकों ने चयनित ग्राम मिश्रौलिया में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, साक्षरता, महिला शिक्षा आदि मुद्दों पर ग्राम सर्वेक्षण किया। दोपहर के भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ आर० एस० पाण्डेय, पूर्व विभागाध्यक्ष, सैन्य विज्ञान विभाग ने अपने संबोधन में यूक्रेन–रूस युद्ध के विविध आयामों पर बोलते हुए बताया कि रूस अपने सुरक्षा हितों को देखते हुए नाटो के प्रसार को रोकने के लिए ही हमला किया है रूस नहीं चाहता कि यूक्रेन नाटो (NATO) में शामिल होकर पश्चिमी देशों का शस्त्रागार बन कर उसकी संप्रभुता को चुनौती देने की स्थिति में हो, जिसमें अमेरिका के हथियार बिक्री का हित भी जुड़ा हुआ है, उन्होंने वैश्विक संगठन ब्रिक्स, क्लैड आदि संगठनों की भूमिका पर भी चर्चा की। सैन्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आर० बी० एस० बघेल ने गीत सुनाकर स्वयंसेवकों में राष्ट्रीयता की भावना का संचार किया तथा रामायण के चरित्र मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के त्याग–सेवा, सहनशीलता, दया, करुणा आदि भावना सेवकों को अपनाने की प्रेरणा दी। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार जी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए स्वयंसेवकों को वक्ताओं की बात ध्यान पूर्वक सुनने सदा उन्हें अपने जीवन में अनुसरण करने की शिक्षा दी। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवक प्रातः जागरण कर दैनिक क्रिया के उपरांत योगा प्राणायाम कर परिसर की सफाई की और नाश्ते के उपरांत रैली निकाली जिसमें स्वयं सेवकों ने चयनित ग्राम मिश्रौलिया में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, साक्षरता, महिला शिक्षा आदि मुद्दों पर ग्राम सर्वेक्षण किया। दोपहर के भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 आर0 एस0 पाण्डेय0 पूर्व विभागाध्यक्ष सैन्य विज्ञान विभाग ने अपने संबोधन में यूक्रेन–रूस युद्ध के विविध आयामों पर बोलते हुए बताया कि रूस अपने सुरक्षा हितों को देखते हुए नाटो के प्रसार को रोकने के लिए ही हमला किया है रूस नहीं चाहता कि यूक्रेन नाटो (NATO) में शामिल होकर पश्चिमी देशों का शस्त्रागार बन कर उसकी संप्रभुता को चुनौती देने की स्थिति में होए जिसमें अमेरिका के हथियार बिक्री का हित भी जुड़ा हुआ हैए उन्होंने वैश्विक संगठन ब्रिक्सए कैड आदि संगठनों की भूमिका पर भी चर्चा की। सैन्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आर बी एस बघेल ने गीत सुनाकर स्वयंसेवकों में राष्ट्रीयता की भावना का संचार किया तथा रामायण के चरित्र मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के त्याग–सेवा, सहनशीलता, दया, करुणा आदि भावना सेवकों को अपनाने की प्रेरणा दी।




उन्होंने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए महिलाओं की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि बालिकाओं को शत प्रतिशत शिक्षा देकर ही हम महिला सशक्तिकरण कर सकते हैं। आधी आबादी के बिना किसी भी समाज व राष्ट्र का विकास असम्भव है। महिलायें बल बुद्ध एवं विद्या की देवी है, महिलाओं के प्रति हमारी सोच और यदि महिलाओं की स्थिति अच्छी हो जाए तो पूरे समाज की व्यवस्था स्वतः बदल जायेगी। बघेल जी ने कई शिविरार्थियों का तन्मयता से जवाब दिया। इस सत्र की अध्यक्षता श्री लाल बहादुर शास्त्री कालेज के एसो० प्रोफेसर एवं संस्कृत के विभागाध्यक्ष डॉ० मंशाराम वर्मा जी ने की उन्होंने पंचतंत्र की कहानियों के माध्यम से शिविरार्थियों को लक्ष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिविरार्थियों को यह भी बताया कि युवाओं को महत्वाकांक्षी होना चाहिए जिसके बल पर ही वे अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उनके पास अपार ऊर्जा एवं शक्ति होती है। आवश्यकता केवल इस बात की हैं, कि केवल सही दिशा में प्रयास करें अपने माता–पिता एवं गुरूजनों द्वारा दी गयी सीख उनके जीवन में सम्बल का काम करता है।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार जी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए स्वयंसेवकों को वक्ताओं की बात ध्यानपूर्वक सुनने सदा उन्हें अपने जीवन में अनुसरण करने की शिक्षा दी।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिव शरण शुक्ला अध्यक्ष शिक्षा विभाग ने किया डॉ लोहंस कल्याणी, डॉ अवधेश वर्मा, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ हरीश शुक्ला जी ने रैली निकालने तथा संपूर्ण कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में स्वयं सेवकों शिवम मिश्रा अंकित कुमार वेदांश श्री मनीष शर्मा सोनी चतुर्वेदी मुनीर सिद्दीकी उदय नारायण द्विवेदी आज स्वयंसेवकों ने सहयोग दिया।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिव शरण शुक्ला अध्यक्ष शिक्षा विभाग ने किया। डॉ लोहंस कल्याणी, डॉ अवधेश वर्मा, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ हरीश शुक्ल जी ने रैली निकालने तथा संपूर्ण कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में स्वयं सेवकों शिवम मिश्रा, अंकित कुमार, वेदांश, मनीष, मनीष शर्मा, सोनी चतुर्वेदी, मुनीर सिद्दीकी, उदय नारायण द्विवेदी आज स्वयंसेवकों ने सहयोग दिया।

## तृतीय दिन 26 मार्च, 2022 दिन शनिवार

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन दिनांक 26 मार्च, 2022 दिन शनिवार को सभी प्रतिभागियों द्वारा नित्यक्रिया से निवृत्त होने के पश्चात शिविर स्थल अवध पब्लिक स्कूल, जानकी नगर, गोण्डा के आस–पास की साफ–सफाई की गयी। व्यायाम के पश्चात सभी प्रतिभागियों ने प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत का सस्वर पाठ किया। जलपान के उपरान्त सभी शिविरार्थियों द्वारा चयनित ग्राम में जाकर साफ–सफाई की गयी। वाल राइटिंग, नुक्कड़ नाटक, गीत आदि के जरिए उन्हें शिक्षा, जनधन योजना एवं स्वच्छता हेतु प्रेरित किया। ग्रामीणों को खुले में शौच से होने वाली बीमारियों जैसे–हैजा, कालरा, बांझपन तथा उनसे बचाव व उनके कारण के विषय में पर्याप्त जानकारी भी दी गयी। उसी दिन शिविर स्थल से फव्वारा चौराहा होते हुए लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय तक एक विशाल रैली निकाली गयी तथा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत एवं एवं बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं एवं साफ–सफाई पर शिविरार्थियों द्वारा सन्देश दिया गया। शिविर स्थल पर वापस आकर भोजनोपरान्त द्वितीय सत्र हेतु शिविरार्थी पण्डाल में एकत्रित हुए।

आज के बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता एसो० प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग डॉ० रंजन शर्मा जी ने शिविरार्थियों को आपदा प्रबन्धन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपदा प्रबन्धन को तीन चरणों में बॉटा जाना चाहिए–

1 अपदा के पूर्व आकलन।

2 अपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य।

3 अपदा के उपरान्त पूर्नवास कार्य।

उन्होंने भारत में आने वाली बाढ़, सूखा, चक्रवात व सुनामी जैसी आपदाओं के बारे में बताते हुए स्वयं सेवकों को ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को इसके बारे में पूर्व तैयारी करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। एसो० प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉ० शिवशरण शुक्ला ने जनसंख्या के दुष्परिणाम एवं निवारण विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि देश को विकसित होने के लिए जनसंख्या पर नियन्त्रण अति आवश्यक है। जनंसख्या की स्थिति आदर्श होनी चाहिए। जनसंख्या गणना के आधार पर भारत के लिए अधिकतम यह 50 करोड़ होनी चाहिए। परन्तु अब तक किसी भी राजनीतिक दल द्वारा अपने घोषणा–पत्र में जनसंख्या नियोजन के लिए कोई भी घोषणा नही की गयी है। अधिक जनसंख्या पर्यावरण पर कुप्रभाव डालती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ० लोहंस कल्याणी एवं अवधेश वर्मा ने शिविरार्थियों की स्वच्छता का विशेष महत्व समझाते हुए बताया कि स्वच्छता से स्वस्थ शरीर विकसित होता है तथा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इसलिए अपने आस–पास तथा घर में स्वच्छता का वातावरण निर्मित करते हुए देश को आगें के जाने में अपना सहयोग करें।




कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ० शिव शरण शुक्ल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० दिलीप शुक्ल, शवम मिश्र, अंकित कुमार, वेदांश, मनीष शर्मा, सोनी चर्तुर्वेदी, मुनीस सिद्दीकी, उदय नरायन, शिवम मिश्र आदि उपस्थित रहें।

## चतुर्थ दिन, दिनांक 27 मार्च, 2022 दिन, रविवार


राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चतुर्थ दिन दिनांक 27 मार्च, 2022 दिन रविवार को नित्यकर्म से निवृत्त होकर शिविरार्थियों ने व्यायाम करने के पश्चात प्रार्थना की। तत्पश्चात लक्ष्य गीत का सस्वर पाठ कर जलपान के लिए एकत्रित हुए। तदुपरान्त स्वयंसेवकों ने ग्राम बेनीनगर में जाकर सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के अन्तर्गत परिवार के मुखिया का नाम, परिवार में कुल सदस्यों की संख्या, परिवार में महिला/पुरुष की संख्या, आर्थिक दशा के आधार पर उनका वर्गीकरण, साक्षरता का स्तर, निरक्षता का कारण, घर में शौचालय की स्थिति एवं साफ–सफाई की सोच, कोविड–19 जैसे महामारी से बचाव के बारे में जानकरी देते हुए, सम्बधित ऑकडे एकत्र किये। इसके साथ ही साथ उनके आधार कार्ड की स्थिति, मतदाता पहचान पत्र एवं बैंक खाते की स्थिति इत्यादि का भी जायजा किया। आज शिविरार्थियों ने पूजा स्थल सम्मयाता एवं काली माता के स्थल पर जाकर उसके आस–पास साफ–सफाई की एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया तथा ग्रामीणों को पान मशाला, गुटखा आदि न खाने की सीख दी ताकि वे निरोग रहें।



भोजनोपरान्त सभी शिविरार्थी शिविर स्थल पर बैद्धिक सत्र के लिए पुनः पण्डाल में उपस्थित हुए। इस सत्र के मुख्य वक्ता डॉ० बी०पी० सिंह एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग ने शिविरार्थियों को व्यक्तित्व निर्माण पर बल देने की बात बतायी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला साथ ही शिविरार्थियों को आयकर जमा करने, उसकी गणना करने तथा आयकर से छूट के बारे में भी बताया। साथ ही बताया कि आयकर सरकार की आय का एक प्रमुख साधन है जिससे विभिन्न प्राकर की सामाजिक योजनाएं, विकासत्माक योजनाएं व आधारभूत संरचना सम्बन्धि परियोजनाओं को संचालित करने के लिए धन की प्राप्ति होती है। डॉ० चमन कौर एसोसिएट प्रोफेसर बी०एड० विभाग ने रा०से०यो० के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण पर एक सवरचित कविता सुनाई जो बहुत ही प्रेरणादायी रहा तथा शिविरार्थियों ने उनके परिपक्व विचार से अपने आप को उत्प्रेरित किया। इस सत्र के वक्ताओं में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ० शिव शरण शुक्ल, डॉ० रेखा शर्मा, डॉ० लोंहस कल्याणी एवं डॉ० अवधेश वर्मा रहे। श्री अर्जुन चौबे, शिव शंकर सिंह, विशाल कुमार, पुलकित तिवारी, बृजेश कश्यप, रमेश कुमार दूबे, अभिजीत यस भारती, पूजा

पंचम दिन दिनांक 28 मार्च, 2022 दिन सोमवार

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवे दिन दिनांक 28 मार्च, 2022 दिन सोमवार को सभी प्रतिभागी दैनिक क्रियाकर्म से निवृत्त होकर व्यायाम के लिए एकत्रित हुए। व्यायाम के पश्चात उन्होंने प्रार्थना गीत व लक्ष्य गीत गाकर जलपान किया। तदुपरान्त कार्यक्रमाधिकारियों के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक विशाल रैली निकाली गयी। यह स्वच्छता रैली अवध पब्लिक स्कूल जानकीनगर से चलकर मिश्रौलिया पुलिस चौकी होते हुए चमनपुरवा गाँव में पहुँची। रैली में स्वयंसेवकों ने जन जन ने यह ठाना है गोण्डा को स्वच्छ बनाना है लाखों के पहने है गहने, शौच को बाहर जाती बहनें घर बनवाया कितना सुन्दर, शौचालय न घर के अन्दर, सुनलो भइया सुनलो बहना, शौचालय है असली गहना घुघट–घुघट अत्याचार, शौचालय बिन सब बेकार, कोविड से बचाव आदि ओजस्वी नारो से ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया तथा चमनपुरवा गाँव में स्वयंसेवकों ने गलियों में झाडू लगाकर साफ–सफाई भी की। इस दौरान घनश्याम, सर्वजीत वर्मा, अजय कुमार वर्मा, अतुल कुमार पाण्डेय, अभिजीत यश भारती, पुत्ती लाल, रामकेश यादव, देवेश कुमार मिश्रा, प्रदीप यादव, सोमेश साहू, रश्मि जयसवाल, शैफाली यादव, बबली तिवारी, साधना सिंह, पूजा तिवारी, काजल यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



भोजनोपरान्त सभी शिविरार्थी पण्डाल में पुनः बौद्धिक सत्र हेतु उपस्थित हुए। बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि डॉ० शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने उत्तर आधुनिक काल की तेजी से बदलती हुई प्रवृत्तियों से अवगत कराया, साथ ही कहा कि सेवा धर्म सर्वोपरि है जिसके द्वारा ही समाज का कल्याण सम्भव है। किसी के आँसू पोछकर ही असली आत्म सन्तुष्टि प्राप्त करने का अवसर मिलता है। जिसे आप अपने–अपने चयनित ग्राम में जाकर, उनकी समस्याओं को सुनकर, उनका निवारण प्राप्त कर सकते है। उन्होंने नारी सशक्तीकरण व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।

विशेष अतिथि डॉ० सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, असि० प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग ने सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे– जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, बिजली हर घर योजना सौभाग्य योजना आदि के बारे में जानकारी देकर

पाण्डेय, अंकिता, वन्दना भारती, प्रियंका शुक्ला, निशा वर्मा, विभा वर्मा, सुनैना कनौजिया, मीनाक्षी मिश्रा, वन्दना यश भारती ने विशेष योगदान किया। इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त एवं वर्तमान में शिक्षक श्री शौनक शुक्ल ने स्वयं सेवकों को व्यस्त रहो, मस्त रहो का मूल मंत्र दिया। सत्र की अध्यक्षता कर रहे डॉ० अवधेश वर्मा ने कहा कि स्वच्छता व्यक्तित्व में निखार आता है। आये हुए अतिथियों का स्वागत तथा उन्हें शाल व प्रतीक चिन्ह वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ० शिव शरण शुक्ला, डॉ० रेखा शर्मा व डॉ० लोहंश कल्याणी जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रेखा शर्मा ने किया।

## छठा दिन 29 मार्च, 2022 दिन मंगलवार

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन 29 मार्च, 2022 को प्रातः काल में योग शिक्षक श्री महीम तिवारी जी के निर्देशन में योग कराया गया साथ ही साथ सूक्ष्म व्यायाम भी सिखाया गया। योग के दौरान योगगुरु ने जीवन के शारीरिक एवं मानसिकता संतुलन के लिए प्रतिदिन योग एवं व्यायाम को आवश्यक बताते हुए कहा इस प्रदूषित वातावरण एवं भागदौड़ की जिन्दगी में हमें स्वस्थ रहने के लिए नित्य योग करना आवश्यक है उन्होंने योग की एक–एक विधा की वैज्ञानिक व्याख्या भी की।

योग के उपरान्त सभी छात्र–छात्राओं एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने नाश्ता किया तत्पश्चात छठे दिन के प्रथम सत्र की शुरुआत निबन्ध प्रतियोगिता से की गयी। निबन्ध प्रतियोगिता का विषय स्वच्छता एवं महिला सावन्तीकरण रहा। निबन्ध प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के उपरान्त अग्नि विशेषज्ञ श्री योगेन्द्र अग्रवाल ने अग्निशमन यंत्र की जानकारी दी एवं अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का तरीका सिखाया। उन्होंने बताया अप्रैल से मई तक हवाऐं शुष्क होती हैं एवं गति तीव्र होती है ऐसे में सावधानी बरतनी चाहिए आग लगने पर अग्निशमन यंत्र कर उपयोग कर हम जानमाल की रक्षा कर सकते हैं।

अपराह्न 02:00 बजे बौद्धिक सत्र के अन्तर्गत डॉ० जयशंकर तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी विभाग ने जीवन के निर्माण में शिक्षा का योगदान विषय पर व्याख्यान हुआ उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा शिक्षा वह आभूषण है जिससे हमारा पूरा जीवन सुसज्जित हो जाता है। शिक्षा ग्रहण करके कोई भी व्यक्ति सफलता के अन्तिम सोपान तक पहुँच सकता है, शिक्षा ही संस्कार की जननी है, अतः हर एक शिक्षित व्यक्ति को ऐसा व्यवहार करना चाहिए जिससे समाज का कल्याण हो। अन्य अतिथि डॉ० शिशिर त्रिपाठी असि०प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग ने कोविड–19 जैसी संक्रामक बिमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम अधिकारी, डॉ० लोहंस कुमार कल्याणी ने अपने सम्बोधन में पंचतंत्र की कहानियों पर प्रकाश डालते हुए नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया। मुख्य (वरिष्ठ) कार्यक्रम अधिकारी ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में छात्र/छात्राओं को समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म विषय पर विभिन्न महापुरूषों के विचारों द्वारा मान्य सेवा ही परमो धर्मः बताया एवं पशुता और मनुष्यता के अन्तर पर प्रकाश डाला एवं एक नेक इन्सान बनने की सलाह दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० रेखा शर्मा ने मंच संचालन करते हुए सभी छात्र/छात्राओं को वैज्ञानिक जीवनशैली अपनाने के लिए उत्प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया एवं प्रतियोगिता के सभी विजयी छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया गया।

शिविरार्थियों को जागरुक किया। अन्य अतिथि डॉ० मुक्ता टण्डन, हिन्दी विभाग ने राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च सेवा बताया तथा आत्म निर्भरता आवश्यक बताया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रमाधिकारी डॉ० रेखा शर्मा, डॉ० लोंहस कल्याणी एवं डॉ० अवधेश वर्मा ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यक्रमाधिकारी डॉ० शिव शरण शुक्ल ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा पाण्डेय, रश्मि जयसवाल, साधना सिंह, रमेश कुमार, सौरभ कुरील, शुभम सिंह, शक्ति कुमार, सूरज गुप्ता, समेत अन्य सभी प्रतिभागियों की अहम भूमिका रहीं।



## सातवां दिन (समापन सत्र) 30 मार्च, 2022 दिन बुधवार

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तिम दिन दिनांक 30 मार्च, 2022 को प्रातः प्रार्थना के बाद योग एवं सूक्ष्म व्यायाम सभी छात्र/छात्राओं ने किया। सभी छात्र/छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ नाश्ता किया एवं कार्यक्रम के प्रथम सत्र की तैयारी में जुट गये।

प्रातः 11:00 बजे समापन कार्यक्रम की तैयारी पूरी करने के उपरान्त छात्र/छात्राओं ने मिश्रौलिया, चनमपुरवा, बेनीनगर एवं पंडित पुरवा का भ्रमण कर सात दिनों में जो कुछ भी स्वच्छता, स्वास्थ्य, भ्रूण हत्या, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, बाल विवाह विरोध, अन्धविश्वास उन्मूलन, कोविड से बचाव व सरकार की विभिन्न योजना की जानकारी घर–घर में दी थी और ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया था उसका फीड बैक लिया और विद्यार्थियों ने आउट पुट जानने की कोशिश की कि सात दिवसीय विशेष शिविर के लिये चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम शिविर का उनके जीवन पर कितना प्रभाव पड़ा। छात्र/छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर रैली भी आयोजित की गयी।

अपराह्न 02:30 बजे समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ० शशांक त्रिपाठी रहें, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य प्रो० रवीन्द्र कुमार ने किया। मुख्य अतिथि डॉ० त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व निर्माण में मील का पत्थर बताया एवं इस पुनीत कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी और आयोजन स्थल कन्या पाठशाला बनाने के लिए आयोजकों को धन्यवाद किया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय सम्बोधन के अन्तर्गत प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना को मानवता की प्रथम पाठशाला बताया। विशिष्ट अतिथि पूर्व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी मुख्य नियन्ता, भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ० जितेन्द्र सिंह ने अपने उद्‌बोधन में विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपना भविष्य तलाशते की सलाह दी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में युवा की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने सम्बोधन में छात्र/छात्राओं को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने की सलाह दी एवं देश के विकास में युवाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। अवध पब्लिक स्कूल की निदेशक श्रीमती उर्मिला शुक्ला ने अपने सम्बोधन में नारी सशक्तीकरण पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए उत्प्रेरित किया। संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष ने अपने उद्‌बोधन में जीवन में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला वहीं डॉ० शैलेन्द्र मिश्र ने बच्चों को राष्ट्रीयता का पाठ पढ़ाते हुए 'राष्ट्र सुरक्षा एक चुनौती' विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।




कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत से सभी का मन मोहा। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० शिवशरण शुक्ल ने आये सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया व अतिथियों के समक्ष विशेष शिविर के सातों दिन के विभिन्न कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० रेखा शर्मा ने मंच संचालन किया वहीं डॉ० लोहंस कल्याणी (कार्यक्रम अधिकारी) अपने सम्बोधन में छात्र/छात्राओं की सक्रिय सहभागिता की जानकारी देते हुए जवीन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रमाधिकारी श्री अवधेश वर्मा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों के कर कमलों से विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सातों दिन श्री अर्जुन चौबे जी का सहयोग सराहनीय रहा। श्री चौबे विभिन्न गतिविधियों के प्रभारी रहे एवं रात्रि विश्राम के समय छात्रों को एक सफल व्यक्ति संस्कारित व्यक्ति बनने के गुण सिखाते रहें।

ग्रामवासियों एवं ग्राम प्रधान के प्रति कार्यकमाधिकारी द्वारा शिविर के दौरान विशेष सहयोग के लिए बहुत–बहुत आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर आयोजित भोज में महाविद्यालय परिवार के अधिकांश प्राध्यापक व कर्मचारीगण, मीडिया से जुड़े पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

विशेष शिविर में सम्पन्न हुए कार्यक्रमों को समाचार पत्रों के माध्यम से जन––जन तक पहुंचाने में सहयोग देने के लिए सभी मीडिया कर्मियों को कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस प्रकार श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा की राष्ट्रीय सेवा योजना का इकाई के सात दिवसीय (रात–दिन) विशेष शिविर का समापन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।

(प्रो० शिव शरण शुक्ल)
वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी

IQAC

Principal
Shri Lal Baha... College